# मोहयाल मित्र

सर्वे भवंतु सुखिनः। सर्वे संतु निरामयाः। सर्वे भद्राणि पश्यंतु मा कश्चित् दुःखभागभवेत्ः।।

## नवरात्रों पर विशेष

इस वर्ष शारदीय नवरात्र से आरम्भ होंगे। घर स्थापित करने का शुभ समय सुर्योदय से बाद एक घंटा तक या 6:20 सुबह 7:45 सुबह के बीच कभी भी कर सकते हैं।

नवरात्र वर्ष में दो बार आते हैं। प्रथम चैत्र में द्वितीय अश्विन में। यह शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा से शुरू होकर नवमी तक होते हैं। इस प्रकार माँ दुर्गा के नौ रुपों की नौ दिनों तक पूजा होती है। नौ दिनों तक नवदुर्गा की पूजा होने के कारण इसे नवरात्र कहते हैं। स्नानादि से शुद्ध होकर मण्डप में दुर्गाजी की मूर्ति स्थापित करें। दायीं ओर कलश की स्थापना करें, कलश के सामने मिट्टी और रेत मिलाकर जौ बोएँ। मण्डप के पूर्वी छोर पर दीपक स्थापित करें। प्रथम गणेश जी की पूजा व फिर शेष देवी–देवताओं का पूजन करें। दुर्गा सप्तशती का पाठ लाभकारी होता है।

### कुमारी पूजन

आठ या नौ दिनों तक पूजा के बाद कुमारी कन्याओं को खिलाना चाहिए। संख्या में दो से नौ तक तथा आयु 1–10 वर्ष तक होनी चाहिए। पूजन व कुमारी भोजन के पश्चात् सिर पर अक्षत छुड़वाऐं व उन्हें दक्षिणा दें। इस प्रकार माँ भगवती प्रसन्न होती है और मनोरथ पूर्ण करती है।

### माँ शैलपुत्री

प्रथम पर्वतराज हिमालय की पुत्री पार्वती के रूप में है। ये समस्त वन्य जीव–जन्तुओं की रक्षक हैं।

### माँ ब्रह्मचारिणी

द्वितीय ब्रह्मचारिणी माँ की समस्त विद्याओं का ज्ञाता माना जाता है। इनकी अराधना से अनन्त फल की प्राप्ति होती है। पूर्व जन्म में यह पार्वती रूप में थी।

### माँ चन्द्रघण्टा

तृतीय माँ चन्द्रघण्टा मस्तक पर घण्टे के आकार का चन्द्रमा धारण करती है। माँ चिरायु, आरोग्य, सुख व सम्पन्नता का वरदान देती है।

### माँ कुष्माण्डा

चतुर्थ देवी भक्तों की रोग, शोक व विनाश से मुक्त करके आयु, यश, बल व बुद्धि प्रदान करती हैं। जीवनी शक्ति भी देती हैं।

### माँ स्कन्दमाता

भगवान स्कंद की माता होने के कारण यह पंचम रूप स्कंदमाता कहलाता हैं। माता की गोद में उन्हीं का सूक्ष्म रूप छः सिर वाली देवी का है अतः इनकी पूजा में छः मूर्तियाँ सजानी चाहिए।

### माँ कात्यायनी

षष्ठ रूप देवताओं व ऋषियों के कार्यों को सिद्ध करने के लिए महर्षि कात्यायन के आश्रम में प्रकट हुई थी उनकी पुत्री होने के कारण इन्हें माँ कात्यायनी कहते हैं। यह दानवों व पापियों का नाश करने वाली माँ हैं।

### माँ कालरात्रि

सातवाँ रूप देखने में भयावह अवश्य है किन्तु शुभफल देने वाला है। इन्हें शुभंकारी भी कहते हैं। शत्रु व दुष्टों का संहार करती हैं।

### माँ माहागौरी

अष्टम् माँ उत्पाती के समय आठ वर्षों की थी इसी कारण इनकी पूजा आठवें दिन की जाती हैं। यह अन्नपूर्णा के समान है इसलिए आठवें दिन कन्या पूजन का विधान हैं।

### माँ सिद्धिदात्री

नौवीं माँ सिद्धदात्री हैं। यह सभी सिद्धियों की दाती हैं। इनकी पूजा से सभी मनोकामना पूर्ण होते हैं।

*विरेन्द्र कुमार छिब्बर, ज्योतिष आचार्य, (मो. 9818094655)*



PDF compression, OCR, web optimization using a watermarked evaluation copy of CVISION PDFCompressor

## जन्मदिन की बधाईयाँ

■ **केशवी बाली** सुपुत्री श्री अमित बाली व श्रीमती शिप्ता बाली पौत्री श्री विरेन्द्रपाल बाली व श्रीमती आशा बाली पड़पौत्री स्वर्गीय रायज़ादा अनन्त राम बाली व श्रीमती शकुन्तला बाली (निवासी 43 प्रेम नगर अम्बाला शहर) के जन्मदिन 14.07.2018 के उपलक्ष्य पर इनके दादा श्री विरेन्द्र पाल बाली व दादी श्रीमती आशा बाली ने 151 रुपए मोहयाल सभा अंबाला शहर व 151 रुपए जीएमएस में स्वर्गीय रायज़ादा अनन्त राम बाली मैमोरियल विधवा फंड में भेंट किए।



***पंकज बाली,** प्रधान मोहयाल यूथ विंग अम्बाला, मो. 08950516822*

■ **यशिका बाली** सुपुत्री श्री पंकज बाली व श्रीमती इन्दु बाली पौत्री श्री विरेन्द्रपाल बाली व श्रीमती आशा बाली पड़पौत्री स्वर्गीय रायज़ादा अनन्त राम बाली व श्रीमती शकुन्तला बाली (निवासी 43 प्रेम नगर अम्बाला शहर) के जन्मदिन 5.07.2018 के उपलक्ष्य पर इनकी चाची श्रीमती शिप्ता बाली व चाचा श्री अमित बाली ने 151 रुपए मोहयाल सभा अंबाला शहर व 151 रुपए जीएमएस में स्वर्गीय रायज़ादा अनन्त राम बाली मैमोरियल विधवा फंड में भेंट किए।–***शिवराजन दत्ता,** महासचिव मोहयाल यूथ विंग अम्बाला*



■ **ध्रुवी बाली** सुपुत्री श्री अमित बाली व श्रीमती शिप्ता बाली पौत्री श्री विरेन्द्रपाल बाली व श्रीमती आशा बाली पड़पौत्री स्वर्गीय रायज़ादा अनन्त राम बाली व श्रीमती शकुन्तला बाली (निवासी 43 प्रेम नगर अम्बाला शहर) के जन्मदिन 3.09.2018 के उपलक्ष्य पर इनके ताया श्री पंकज बाली व ताई श्रीमती इन्दु बाली ने 151 रुपए मोहयाल सभा अंबाला शहर व 151 रुपए जीएमएस में स्वर्गीय रायज़ादा अनन्त राम बाली मैमोरियल विधवा फंड में भेंट किए।–***शिवराजन दत्ता,** महासचिव मोहयाल यूथ विंग अम्बाला*



■ **शिवांश दत्ता** पुत्र श्रीमती कृतिका दत्ता व श्री शिवराजन दत्ता (निवासी 323 प्रेम नगर अम्बाला शहर) के जन्मदिन दिनांक 16.09.2018 के उपलक्ष्य पर इनके दादा जी व दादी जी श्री विजय दत्ता व श्रीमती सुनीता दत्ता ने 151 रुपए मोहयाल सभा अंबाला शहर व 151 रु. जनरल मोहयाल सभा को भेंट किए।–***जे.पी. मैहता,** प्रधान मोहयाल सभा अंबाला शहर*

## बधाई !

ईश्वर की कृपा से पुत्र चि. राकेश और पुत्रवधू सौ. दिप्ती को 9.07.2018 को पुत्र रत्न की प्राप्ति हुई। इस अवसर पर जनरल मोहयाल सभा को 500 रुपए भेंट कर रहा हूँ।

अपने पोते के सम्मान में ऐ छोटी सी रचना भेज रहा हूँ।

### दादागीरी

जब मैं छोटा बच्चा था तो अपने आपको अपने घर का **दादा** समझता था। कुछ बड़ा हुआ तो मौहल्ले के मित्रों के बीच अपने आपको दादा समझने लगा। इस प्रकार जैसे–जैसे उम्र बढ़ती गई जिस माहौल में रहा उस माहौल में अपने आपको **दादा** समझने लगा।

परन्तु वह मेरी अपनी सोच और समझ थी। ईश्वर ने मेरी यह इच्छा भी पूरी कर दी। ईश्वर की कृपा से दिनाँक 9.07.2018 को पुत्र राकेश और पुत्रवधू ने मुझे और मेरी धर्मपत्नी श्रीमती सरीता रानी को दादा और दादी की उपाधि से सम्मानित किया।

इतना लम्बा सफर तय कर अब मैं सही मायने में दादा बन गया हूँ। नवजात शिशु चि. अधीराज छिब्बर उर्फ (डुग्गू) को उसके लक्कड़ दादा स्व. मेहता ईश्वर दास छिब्बर एवं पड़दादी स्व. श्रीमती प्रेमलता छिब्बर स्वर्ग से आशीर्वाद की वर्षा कर रहे हैं।

नवजात शिशु को आप सभी की शुभकामनाएँ और आशीर्वाद की हम अपेक्षा करते हैं।

***प्रदीप कुमार छिब्बर,** जगाधरी (हरियाणा), मो. 7206402640*

## इन्हें अजमाएँ

1. खड़े होकर पानी पीने कभी न पिएँ, हमेशा बैठकर पीना चाहिए।
2. किसी प्रकार का दर्द हो, एक गिलास कोसा पानी पी लें।
3. संतरे के छिलके सुखाकर पाउडर बनाएँ। इसमें दूध मिलाकर पेस्ट बना लें। पाँवों पर पड़े धब्बों पर लगाकर सूखने दें। सूख जाने पर पोंछ दें। सप्ताह में तीन बार ऐसा करें। पैरों का कालापन–धब्बे मिट जाएँगे।
4. अनार के छिलके सुखा लें। पाउडर बनाकर दही मिलाएँ। सिर पर लगाएँ। बाल चमकदार मुलायम हो जाएँगे।


For courses in MERIT, visit: http://www.meritlogics.com

PDF compression, OCR, web optimization using a watermarked evaluation copy of CVISION PDFCompressor

# स्थानीय मोहयाल सभाओं की गतिविधियाँ

## यमुनापार–दिल्ली

मोहयाल सभा यमुनापार दिल्ली की सितम्बर माह की मासिक बैठक 2.09.2018 को 'मोहयाल भवन झील कुरंजा' में सीनियर उपप्रधान श्री विनोद बाली की अध्यक्षता में प्रारम्भ हुई। 15 सदस्यों ने भाग लिया।

मोहयाल प्रार्थना के बाद सचिव ने सभा को सूचित किया कि 27 अगस्त को माननीय प्रधान श्री सतीश बाली का एक्सीडेंट हो गया है और वह गणेश ओर्थेपेडिक होस्पिटल (कृष्णा नगर) में उनका इलाज चल रहा है जहाँ उनके कुल्हे का ऑपरेशन हुआ है। समस्त सदस्यों ने इसका संज्ञान लिया और उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना की।

सभा ने पिछले माह के मिनट्स को पारित किए और पिछले माह का मासिक आय–व्यय का ब्यौरा सभा पटल पर रखा। कैशियर अनिल वैद बीमारी और अन्य कारणों के चलते लगभग 7 माह के बाद सभा मीटिंग में उपस्थित हुए सभी ने उनका कुशलक्षेम पूछा। उपप्रधान श्याम सुंदर मोहन जी ने सर्वप्रथम अपने विचार रखे और बताया किस प्रकार केवल जरूरी बातों का सभा कार्यवाही में उल्लेख होना चाहिए, उन्होंने हेल्थ इंशोरेंस से सम्बंधित बातों पर भी प्रकाश डाला तथा उसकी उपयोगिता पर बल दिया। वह सभी मोहयाल परिवार जिन्होंने मोहयाल जनगणना के फार्म नहीं भरे या अधूरे भर छोड़े हैं कृपया सभा से सम्पर्क करें इसके लिए सभी सदस्यों को मैसेज द्वारा सूचित भी किया जाएगा।

श्री गुलशन छिब्बर ने सुझाव दिया कि मोहयाल मित्र के प्रथम पृष्ठ पर उपनाम के साथ गौत्र भी बताए जाने चाहिए, उन्होंने सूचित किया कि पूर्व प्रधान श्री सोमराज बाली के भी अत्याधिक अस्वस्थ हैं, सेक्रेटरी ने बताया की उनके घर पर जाकर सम्पर्क करने का प्रयास किया गया परन्तु उनकी जानकारी नहीं मिल पायी। सभी ने अन्य वयोवृद्ध मोहयाल श्री दलीप सिंह दत्ता और राजिन्द्र बक्षी (छिब्बर) के कुशल स्वस्थ की मनोकामना की।

श्री इन्दर मोहन मेहता, चौधरी दलीप सिंह दत्ता, श्री वी.एस. लौ, श्री विनोद बाली, श्री उमेश बाली, श्री सतीश बाली, संजीव बाली (बंटी), मुख्य दानकर्ता रहे जिन्होंने "विधवा फंड यमुनापार" में दान देकर सहयोग किया।

अंत में चाय–नाश्ता के उपरांत सभी का उपप्रधान विनोद बाली ने धन्यवाद किया।

***विनोद बाली,*** *वरिष्ठ उपप्रधान*
*मो. 9871819500*

***संजीव बाली,*** *(बंटी) सचिव*
*मो. 7678262318*

## होशियारपुर

मोहयाल सभा होशियारपुर की मासिक बैठक प्रधान श्री श्याम सुन्दर दत्ता की अध्यक्षता में मोहयाल भवन न्यू बैंक कॉलोनी ऊना रोड पर हुई। पाँच बार गायत्री मंत्र का पाठ किया गया। मोहयाल भवन के बाहर बोर्ड को पेंट करवाने तथा नाली में पाईप डलवाने का काम कुलदीप दत्ता की तरफ से करवाया गया। प्रधान जी ने इस सहयोग के लिए उनका आभार व्यक्त किया।

प्रधान जी ने सभा के संगठन व अधिक से अधिक लोगों से सम्पर्क कर सभा में लाने के लिए प्रेरित करने की बात की। इस अवसर पर शशीपिन्द्र बाली, दिनेश दत्ता, पवन मेहता, कुलदीप दत्ता, मनोज दत्ता, पी.पी. मोहन, सुभाष चन्द्र दत्ता और वरिन्द्र दत्त वैद उपस्थित थे।

***मनोज दत्ता*** *(मो. 9463766261)*

## बराड़ा

मोहयाल सभा बराड़ा की मासिक बैठक दिनाँक 9.09.2018 को सभा के प्रधान स. हरदीप सिंह वैद की अध्यक्षता में मोहयाली प्रार्थना व गायत्री मंत्रोच्चारण के बाद प्रधान के घर पर सम्पन्न हुई। सभा के वित्त सचिव श्री बलदेव सिंह दत्त ने पिछले महीने की कार्यवाही पढ़कर सुनाई, जिस पर सभी ने अपनी सहमति प्रकट की। सभा में विचार किया गया कि युवाओं व महिलाओं को भी सभा में हिस्सा लेना चाहिए।

अन्त में सभी सदस्यों ने जलपान के लिए स. हरदीप सिंह वैद और परिवार का धन्यवाद किया। जय मोहयाल के साथ सभा समाप्त हुई।

***रविन्द्र कुमार छिब्बर,*** *महासचिव*
*मो. 9466213488*

## जगाधरी वर्कशॉप

मोहयाल सभा जगाधरी वर्कशॉप की मासिक बैठक 2 सितंबर को सतपाल दत्ता की अध्यक्षता में मोहयाल प्रार्थना के साथ संपन्न हुई। सर्वप्रथम कमला छिब्बर के निधन पर दो मिनट का मौन रखा गया और परमात्मा से प्रार्थना की गई कि परिवार वालो को दुख सहने की शक्ति दे। छिब्बर परिवार की ओर से 200 रु. सभा को दान दिए। वेद प्रकाश वैद की तीसरी बरसी पर उनकी पत्नी राजवैद्य ने 250 रु. सभा को और 250 रुपए जीएमएस को दान दिए। सभा में काफी संख्या में नए सदस्यों ने भी भाग लिया और विश्वास दिलाया कि इसी प्रकार हम हर महीने मीटिंग में उपस्थित होंगे। सदस्यता की पर्चियाँ कटवाई गई कुछ सदस्यों ने आजीवन सदस्य के लिए भी नाम दिए। इस बढ़ती संख्या को देखकर सभा के सदस्यों ने खुशी प्रकट की।



PDF compression, OCR, web optimization using a watermarked evaluation copy of CVISION PDFCompressor

## फरीदाबाद

मोहयाल सभा फरीदाबाद की मासिक बैठक 2 सितंबर 2018 को मोहयाल भवन में 'कृष्ण जन्माष्टमी उत्सव' के रूप में सम्पन्न हुई जिसमें लगभग 70 मोहयाल भाई बहन उपस्थित हुए। मोहयाल प्रार्थना के उपरांत–

रायज़ादा के.एस. बाली ने सभी के समक्ष पिछले माह की रिपोर्ट पढ़कर सुनाई। अपने सम्बोधन में उन्होंने कहा कि जिन मोहयाल बच्चों ने दसवीं व बारहवीं की बोर्ड परीक्षा में 85 प्रतिशत से ऊपर (जी.एम.एस. नई दिल्ली) व 60 प्रतिशत से ऊपर (फरीदाबाद मोहयाल सभा) अंक प्राप्त किए हैं, वे शीघ्र अपना फार्म व मार्कशीट की फोटो कॉपी सभा में जमा करवाए।

प्रधान श्री रमेश दत्ता ने कहा कि हमारी मासिक बैठक जन्माष्टमी से एक दिन पहले है, तो सभी के कहने के अनुसार आज जन्माष्टमी उत्सव रखा गया है। सभी ने मंत्रमुग्ध होकर श्रीकृष्ण जी के भजन व गीत गाए। राघव दत्ता व नित्या दत्ता ने सुन्दर भजन प्रस्तुत किए तो पलक मोहन, उज्ज्वल दत्ता व अरनव बाली ने मैया यशोदा ये तेरा कन्हैया.... गीत पर सुन्दर नृत्य प्रस्तुत किया। श्री विशाल बाली ने कृष्ण जी व राधा जी का सुन्दर चित्रण करते हुए एक गीत गाया। मानस वैद, पलकित वैद व चिरंजीव बाली ने 'गोबिंद गोकुल आयो...' पर भजन गाकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

बच्चे बहुत उत्साहित थे, मोहयाल बहनों श्रीमती सुमन दत्ता, श्रीमती बाला बाली, श्रीमती नागेन्द्र दत्ता, श्रीमती मनु वैद, श्रीमती मोना बक्शी, श्रीमती बिन्नी बक्शी ने भी सुन्दर भजन गीत व नृत्य करके भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव को मनाया व वातावरण को मोहित कर दिया। सभी उपस्थितजनों ने इसका बहुत आनन्द उठाया।

श्री नागेन्द्र दत्ता ने बताया कि प्रधान रमेश दत्ता का जन्मदिन है व उनके पुत्र ध्रुव दत्ता व पुत्रवधु किम्मी दत्ता की शादी की सालगिरह 13 सितंबर को है व आज के भोजन की व्यवस्था श्रीमती सुमन दत्ता की ओर से की गई है। सभी ने उनको हार्दिक शुभकामनाएँ दी व भोजन का लुत्फ उठाया।

श्री मिथलेश दत्ता ने निम्न राशि एकत्र की– श्री एन.के. मेहता ने अपनी सुपुत्री नताशा के विवाह के अवसर पर सभा को 1100 रुपए भेंट किए। श्री रमेश दत्ता ने सभी को इतनी बारिश में भी उपस्थित होने पर धन्यवाद किया व सभी को कृष्ण जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएँ दी।

अगले माह की माह की मीटिंग 7 अक्टूबर 2018 को मोहयाल भवन में ही होगी।

***रमेश दत्ता,*** *प्रधान*
*मो. 9212557095*

***रायज़ादा के.एस. बाली,*** *महासचिव*
*मो. 9899068573*

## अबोहर

मोहयाल सभा अबोहर की मासिक बैठक दिनाँक 06.08.2018 को मैहता विश्वामित्र भीमवाल की अध्यक्षता में श्री अमर जीत भीमवाल व श्रीमती पूनम (सोनू) भीमवाल के निवास स्थान मु.पो. भंगर खेड़ा में सम्पन्न हुई। मोहयाल प्रार्थना व गायत्री वंदना के पश्चात् सभा आरम्भ हुई। सभी सदस्यों ने परमपिता परमात्मा से प्रार्थना की कि मोहयाल परिवार के बुजुर्गों का स्वास्थ्य ठीक रहे तथा जिनका स्वास्थ्य ठीक नहीं उनको स्वास्थ्य लाभ शीघ्र मिले।

सभी सदस्यों ने मेहता अमर जीत व श्रीमती पूनम भीमवाल को नैनों कार लेने पर बधाई दी। मु.पो. भंगर खेड़ा के सभी भीमवाल परिवारों 5.08.2018 को अपने पूर्वजों बड़े बडेरों की कढ़ाई करने पर सभी सदस्यों ने पूर्वजों के चित्रों पर माथा टेका तथा पुरानी रीति के अनुसार सभी ने अपने से बड़ों की चरण वंदना की।

जिन–जिन मोहयाल परिवारों को मोहयाल मित्र नहीं मिल रहे उन्होंने बहुत गुस्से में कहा कि आजीवन सदस्यों एवं एन्यूल सदस्यों को भी तो नहीं मिल रही है। ऐसे में तो मोहयाल सभा के आजीवन सदस्य कैसे बढ़ाएँ। विश्वामित्र ने बताया कि जी.एम.एस. को फोन द्वारा सूचित करने पर बताया कि किन–किन लोगों को मो. मित्र उनके नाम व पते भेजें तथा साथ में सभी सदस्यों ने बताया कि पहले भी कई बार जीएमएस को उनके नाम व पता भेज चुके हैं।

मैहता कृष्ण कुमार भीमवाल चीफ पैट्रर्नस मो.स. अबोहर ने मोहयाल बच्चों 10वीं–12वीं में पढ़ने वाले विद्यार्थीयों को अच्छे नम्बर लाने के लिए खूब परिश्रम से पढ़ाई करना ताकि उन सभी विद्यार्थीयों का नाम भी प्रतिभाशाली विद्यार्थीयों में आए।

अन्त में शांति पाठ के साथ सभा सम्पन्न हुई। जलपान की व्यवस्था के लिए भीमवाल परिवार का धन्यवाद किया।

■ मोहयाल सभा अबोहर की मासिक बैठक दिनाँक 21.06.18 को मैहता कृष्ण कुमार भीमवाल की अध्यक्षता में उनके निवास स्थान मु.पो. भंगर खेड़ा में त. अबोहर जिला फ़ाज़िल्का में हुई।

मोहयाल प्रार्थना व गायत्री वंदना के बाद सभी सदस्यों ने मैहता रविन्द्र कुमार भीमवाल एवम् श्रीमती आशा भीमवाल को उनके बड़े सुपुत्र श्री राहुल भीमवाल को विदेश में जाने के लिए वीज़ा लगने के लिए बधाई दी। गर्मियों की छुट्टियों में आई भीमवाल परिवार की भानजियाँ दिल्ली से व भानजे श्री राजीव वैद बंगलौर से आए तथा बेटियाँ भी अजनाली व सझदो से आई उन सभी ने मोहयाल सभा की मासिक बैठक में भाग लिया, तथा खुश जताई।

महासचिव मैहता विनोद कुमार भीमवाल एडवोकेट ने बताया कि मोहयाल सभा अबोहर के सदस्यों को पिछले तीन चार


For courses in MERIT, visit: http://www.meritlogics.com

PDF compression, OCR, web optimization using a watermarked evaluation copy of CVISION PDFCompressor

माह से मोहयाल मित्र नहीं मिल रहे और न ही मोहयाल सभा अबोहर के नाम वाला मोहयाल मित्र प्राप्त हो रहा है। इस पर विश्वामित्र भीमवाल प्रधान मो.स. अबोहर ने बताया कि जिन सदस्यों को मोहयाल मित्र नहीं मिल रहे उनके नामों सहित मोहयाल सभा दिल्ली को फोन द्वारा सूचना दे दी थी वो उनके पते और नाम जीएमएस को भेज दें। सभी सदस्यों ने अपने अपने विचार आदान–प्रदान किए।

अन्त में शांति पाठ के साथ सभा सम्पन्न हुई। जलपान की व्यवस्था के लिए भीमवाल परिवार बहुओं, बेटियों व पोतियों का धन्यवाद किया।

***मैहता विश्वामित्र भीमवाल,*** *प्रधान*
*मो. 9780160085, 7696842614*

## स्त्री विंग मोहयाल सभा यमुनानगर

स्त्री मोहयाल सभा की मासिक मीटिंग 17.08.2018 को श्रीमती प्रवीण बाली, सचिव के निवास स्थान पर हुई। मीटिंग में सभी बहनों ने भाग लिया। श्रीमती कमला दत्ता ने मीटिंग की अध्यक्षता की। गायत्री मंत्र के साथ मीटिंग की कार्यवाही शुरू हुई।

मीटिंग में बहन श्रीमती तारावंती वैद की बेटी (श्रीमती नीलम मेहता) के निधन और श्रीमती प्रवीण बाली (सचिव) के जीजा जी के निधन पर दो मिनट का मौन रखा गया।

मीटिंग में श्रीमती बाला मेहता, श्रीमती निशा मोहन, श्रीमती वीना वैद, श्रीमती सुरक्षा मेहता और श्रीमती विजय लक्ष्मी दत्ता ने अपने विचार रखे।

**शोक समाचारः** बहन श्रीमती तारावंती वैद और स्वर्गीय श्री अमरनाथ वैद की सुपुत्री **श्रीमती नीलम मेहता** (पत्नी श्री अशोक मेहता) का आकस्मिक निधन हो गया। स्वर्गीय नीलम मेहता श्रीमती तारावंती वैद की बड़ी बेटी थीं। वो हमेशा सबके सुख दुःख में साथ देती थीं। परिवार को उनके जाने से बड़ा धक्का लगा है। भगवान उनकी आत्मा को शांति दें और दुख सहने की शक्ति दे वो अपने पीछे बेटा ललित मेहता, पुत्रवधू (रीनू मेहता, बेटी (नीतू मेहता), बेटी (मीनू शर्मा) को छोड़ गई। उनकी रस्म–क्रिया पर उनके पति श्री अशोक मेहता ने स्त्री मोहयाल सभा यमुनानगर को 500 रुपए दान दिए।



शांति पाठ के साथ सभा की समाप्ति हुई।

■ स्त्री सभा की मासिक मीटिंग श्रीमती सुरक्षा मेहता के निवास स्थान पर 6.09.2018 को हुई। मीटिंग में सभी बहनों ने भाग लिया। श्रीमती कमला दत्ता ने मीटिंग की अध्यक्षता की, गायत्री मंत्र के साथ मीटिंग की कार्यवाही आरम्भ हुई।

मीटिंग में सभी बहनों ने मिलकर किसी गरीब बच्चे की पढ़ाई के लिए या किसी बेसहारा वियाग को आर्थिक सहायता देने के लिए विचार विमर्श किया। सभी ने मोहयाल भवन यमुनानगर के तेज़ी से चलते निर्माण कार्य की सराहना की। इसका सारा श्रेय श्री बी.डी. बाली और उनकी टीम को दिया। भगवान को जीएमएस ऐसे ही बिरादरी के लिए कार्य करती रहे।

मीटिंग में श्रीमती सूरज रानी वैद ने अपनी पोती (कविता मेहता) बेटी श्री रजनीश मेहता (पिताजी) और प्रभा मेहता (माताजी) के उप प्रधान मेन कॉलेज चंडीगढ़ बनने पर सौ रुपए स्त्री सभा को दान दिए।

शांति पाठ के साथ सभा समाप्त हुआ।

***श्रीमती प्रवीण बाली,*** *सचिव*
*फोनः 01732–226799*

## नजफगढ़

मोहयाल सभा नजफगढ़, नई दिल्ली की मासिक बैठक 2.09.2018 को प्रधान श्री शेर जंग बाली की अध्यक्षता में श्री हर्ष दत्ता, सचिव के निवास स्थान (दत्ता प्लाजा, 22 ओल्ड रोशनपुरा, नजफगढ़, नई दिल्ली 110043) में मोहयाल प्रार्थना व गायत्री मंत्रोच्चारण के साथ आरम्भ हुई। जिसमें 23 भाई बहनों ने भाग लिया। सभा के सचिव श्री हर्ष दत्ता ने पिछले माह की कार्यवाही पढ़कर सुनाई। वित्त सचिव श्री बलदेव राज दत्ता ने लेखा–जोखा पेश किया। जिसका सब सदस्यों ने अनुमोदन किया।

प्रधान जी ने सूचित किया कि प्रतिभाशाली मोहयाल विद्यार्थी सम्मान 2018 के फ़ार्म 25 सितंबर 2018 तक जी.एम.एस. में जमा करवा दें। मोहयाल सभा नजफगढ़ के भाई–बहनों के अनुरोध पर 16 नवंबर 2018 से 18 नवंबर 2018 तक हरिद्वार भ्रमण का कार्यक्रम बनाया है। भ्रमण के इच्छुक भाई–बहन अपना नाम श्री हर्ष दत्ता, सचिव को लिखवा दें।

सभा की अगली बैठक 7 अक्टूबर 2018 को श्री हर्ष दत्ता, सचिव के निवास स्थान (दत्ता प्लाजा, 22 ओल्ड रोशनपुरा, नजफगढ़, नई दिल्ली 110043) में प्रातः 10 बजे होगी। सभी ने बढ़िया जलपान के लिए श्री हर्ष दत्ता, सचिव को धन्यवाद किया। सभी सदस्यों से बैठक में उपस्थित होने का अनुरोध है।

***शेर जंग बाली,*** *प्रधान*
*मो. 9871756765*

***हर्ष दत्ता,*** *सचिव*
*मो. 9312174583*



PDF compression, OCR, web optimization using a watermarked evaluation copy of CVISION PDFCompressor

## महिला विंग मोहयाल सभा देहरादून




महिला मोहयाल सभा की मासिक बैठक 9.09.2018 को प्रधान श्रीमती सविता मेहता की अध्यक्षता में श्रीमती वीना दत्ता के निवास स्थान पर हुई, सभा की शुरूआत मोहयाल प्रार्थना और गायत्री मंत्र के साथ हुई। सभा में सभी महिलाओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। हम सभी ने कुछ विषयों पर बात भी की और आगे अमल में लाने के लिए सोचा है। फिर सभी ने तंबोला खेला और अंत में श्रीमती वीना दत्ता ने स्वादिष्ट जलपान करवाया और आने के लिए धन्यवाद किया।

***अर्चना दत्ता,*** *सचिव*
*मो. 8755398813*

## उत्तम नगर

मोहयाल सभा उत्तम नगर, नई दिल्ली की मासिक बैठक 9.09.2018 को प्रधान श्री एस.पी. वैद के निवास स्थान मंसाराम पार्क में हुई। सभा में कुल 12 सदस्यों ने भाग लिया। मीटिंग को सुचारू रूप से चलाते हुए संजय बक्शी ने बताया कि गत दो माह में विनीत बक्शी के साथ अपने क्षेत्र में नये–पुराने सदस्यों से मिलकर उन्हें नियमित रूप से मिलते रहने और मोहयाल सेवाओं में जुड़े रहने को कहा।

अगले सप्ताह 13 सितंबर को हर वर्ष की तरह 'गणेश चतुर्थी' के उपलक्ष में विनीत बक्शी के निवास स्थान में गणेश स्थापना की जाएगी और 23 सितंबर को 'गणेश विसर्जन' होगा। इसमें सभा में उपस्थित सभी सदस्यों एवं परिवारों को आमंत्रित किया गया।

सभा में एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया कि अगले माह के प्रथम सप्ताह में 'पर्यावरण रक्षा' हेतु सभा के युवाओं द्वारा अपने क्षेत्र में ''पौधारोपण'' का आयोजन किया जाए, जिसमें आम, जामुन, नीम, शीशम एवं अन्य पौधे लगाए जाएँगे। इसकी जिम्मेदारी गौरव वैद को दी गई है। सबने पौधारोपण के कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अपनी सेवाएँ देने की सहमति जताई। इसके लिए एस.पी. वैद, विनीत बक्शी और संजय बक्शी ने 200–200 रुपए देकर कार्यक्रम को सफल बनाने की पहल की।

अन्त में जलपान एवं गायत्री मंत्र के साथ सबको सूचित किया गया कि सभा की आने वाली सभी मीटिंग एक–एक माह छोड़कर हुआ करेगी। अगली मीटिंग नवम्बर माह के प्रथम रविवार को विनीत बक्शी के निवास स्थान में होगी।

जय मोहयाल!

***संजय बक्शी,*** *उप–प्रधान*
*मो. 9811008335*

## भाई दयाला

भाई दयाला भाई माई दास के पुत्र तथा बुल्ला राय या बालू राय के पोते थे। छठे गुरु हरिकृष्ण द्वारा चलाए धर्म–युद्धों में, बुल्ला राय शहीद हो गए थे। भाई दयाला सदैव गुरु परिवार के साथ रहते थे। वे गुरु तेग बहादुर जी के 'पंज प्यारों' में एक थे।

कुछ मोहयाल लेखक भाई दयाल दास को 'छिब्बर' कहते हैं और उन्हें भाई मति दास व भाई सती दास का भाई कहते हैं। परन्तु प्राचीन व आधुनिक सिक्ख–इतिहास कारों ने अपनी रचनाओं में कहीं भी भाई दयाला को 'छिब्बर' नहीं कहा, जबकि बाबा पराग दास की सात पीढ़ियों के प्रमुख महानुभावों को 'छिब्बर' कहा है। भाई पराग दास के भाई को भी पेरा छिब्बर व उनके पुत्र चौपा सिंह को भी 'छिब्बर' लिखा है।

मैं कुछ सिक्ख–इतिहास कारों की सूची दे रही हूँ। उनकी रचनाओं में कहीं भी बाबा दयाला को 'छिब्बर' नहीं लिखा गया।

1. सन्त दास छिब्बर 2. केसर सिंह छिब्बर 3. कुइर सिंह
4. सरूप सिंह कशिश (साखियाँ) 5. सुक्खा सिंह–गुरू विलास
6. भाई सन्तोष सिंह– गुरू प्रताप सूर्य
7. डा. हरि राम गुप्ता– हिस्ट्री आफॅ पंजाब
8. डा. महीप सिंह 9. डा. हरबंस सिंह
10. सुरजीत सिंह–हिस्ट्री आफ सिक्खस् आदि।

इन लेखकों के अतिरिक्त पहेवा व हरिद्वार के 'पण्डों की वहियों' व 'भट्ट वहियों' में भी दयाल दास को 'छिब्बर' नहीं लिखा गया। निर्मला–सन्तों द्वारा लिखित सिक्ख इतिहास में भी भाई दयाला को 'छिब्बर' या ब्राह्मण नहीं लिखा गया।

 For courses in MERIT, visit: http://www.meritlogics.com

PDF compression, OCR, web optimization using a watermarked evaluation copy of CVISION PDFCompressor

भाई धर्म चन्द छिब्बर व भाई साहिब चन्द छिब्बर दीवान दुर्गामल छिब्बर के पुत्र थे। भाई मतिदास व भाई सतीदास के बलिदान के बाद गुरू गोविंद सिंह जी ने इन दोनों को मंत्री पद दे दिया। धर्म युद्धों के पुत्र गुरबख्श सिंह छिब्बर को दशम गुरू जी ने दीवान बनाया। परन्तु भाई गुरबख्श सिंह छिब्बर भी धर्म–युद्ध में वीरगति को प्राप्त हुए। उस समय उनका पुत्र केसर सिंह 6 वर्ष का था। गुरु गोविंद सिंह जी के स्वर्गवास होने के बाद माता सुन्दरी केसर सिंह व अन्य अनाथ बच्चों को लेकर दिल्ली आ गई। केसर सिंह छिब्बर माता सुन्दरी के सरंक्षण में पला और सुशिक्षित हुआ।

राजा जय सिंह ने माता सुन्दरी को दो गाँव जागीर दी थी। वहीं माता ने अनाथ बच्चों का पालन–पोषण किया।

माता सुन्दरी ने केसर सिंह छिब्बर से सिक्ख इतिहास "वंशावली नामा दसां पातशाहायां दा" लिखवाया। इस ग्रंथ में कहीं भी भाई दयाला को 'छिब्बर' या ब्राह्मण नहीं लिखा गया।

***लज्जा देवी मोहन*** *(मो.) 09671432717)*

## ऋतमोहन लोकतंत्र सुरक्षा मंच के प्रदेश प्रवक्ता

सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं से जुड़े पानीपत निवासी श्री ऋतमोहन को 'लोकतंत्र सुरक्षा मंच' के 'राष्ट्रीय



अध्यक्ष' एवं सांसद राजकुमार सैनी ने मंच का प्रदेश प्रवक्ता नियुक्त किया है। राजकुमार सैनी ने ऋतमोहन को नियुक्ति पत्र सौंपते हुए कहा कि वह मंच की गतिविधियों को प्रदेश भर में फैलाने व मंच के कार्यक्रमों बारे प्रतिक्रिया देने का कार्य करेंगे। इस अवसर पर मंच के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पंडित राम राज्य शर्मा भी उपस्थित थे।

***सुरेंद्र मेहता (छिब्बर),*** *महासचिव, जगाधरी वर्कशॉप*
*मो. 9355310880*

## श्राद्ध

श्राद्ध–उचित समय पर शास्त्र सम्मत विधि द्वारा श्रद्धा भाव से मंत्रों द्वारा किया गया दान–दक्षिणा आदि कार्य श्राद्ध कहलाता हैं। इसके मुख्य देवता, वसु, रुद्र एवं आदित्य है।

प्रत्येक मनुष्य के तीन पूर्वज पिता, दादा व परदादा क्रमशः वसु, रुद्र, व आदित्य के समान माने जाते हैं। श्राद्ध के समय यह ही पूर्वजों के प्रतिनिधि माने जाते हैं। उचित रीति–रिवाज से की गई पूजा दान आदि से तृप्त होकर हमारे पूर्वजों तक पहुँचा देते हैं। सुख, समृद्धि व स्वास्थ्य का वरदान देते हैं।

**श्राद्ध कबः** जिस पखवाड़े की जिस तिथि को मृत्यु होती है श्राद्ध के दिनों में इसी तिथि या न पता होने की स्थिति में अमावस्या के दिन सभी पितरों के लिए दान–दक्षिणा पूजा आदि किया जा सकता है।

साधारणतया पुत्र ही अपने पूर्वजों का श्राद्ध करता हैं। किन्तु जिस व्यक्ति ने पूर्वज की सम्पत्ति पाई हो या जिस गुरु से शिष्य ने शिक्षा पाई हो शिष्य उस गुरु का भी श्राद्ध कर सकता है। पुत्र की अनुपस्थिति में पौत्र या परपौत्र श्राद्ध कार्य सम्पन्न कर सकते हैं। किन्तु निःसंतान पत्नी को पति द्वारा, पिता द्वारा पुत्र को, बड़े भाई द्वारा छोटे भाई को पिण्ड दान नहीं दिया जाता हैं। अपने कुल पुरोहित द्वारा यह कार्य सम्पन्न कराएं।

**कुश व तिलः** ऐसा माना जाता है कि कुश व तिल श्री विष्णु के शरीर से निकले हैं। ब्रह्मा, विष्णु एवं महेश कुश में क्रमशः जड़, मध्य एवं अग्र भाग में रहते हैं। अतः कुश का अग्र भाग देवताओं का मध्य भाग मनुष्यों एवं जड़ पितरों का माना जाता हैं। तिल पितरों को प्रिय होता हैं एवं दुरात्माओं को दूर भगाने वाला होता हैं।

मनुष्य के स्थूल शरीर को अग्नि या जल को समर्पित करने के पश्चात् भावनात्मक रूप से "भावना शरीर" की पूजा करके दान–दक्षिणा द्वारा उनका सम्मान करके उनसे आशीर्वाद प्राप्त करके अमावस्या की शाम को दीये आदि अपने मुख्य द्वार पर जलाकर उन्हें विदा करते हैं।


***विरेन्द्र कुमार छिब्बर,*** *ज्योतिष आचार्य*
*EA-94, इन्द्रपुरी, नई दिल्ली 110012 मो. 9818094655*



PDF compression, OCR, web optimization using a watermarked evaluation copy of CVISION PDFCompressor

## श्री वेद प्रकाश मैहता (वैद) को तीसरी श्रद्धांजलि


श्री वेद प्रकाश मैहता (वैद) पुत्र स्वर्गीय श्री शर्मपत वैद के देहान्त को 14 अगस्त 2018 को तीन वर्ष हो गए हैं। उनकी तीसरी बरसी पर उनकी धर्मपत्नी श्रीमती राजरानी वैद 250 रुपए मोहयाल सभा जगाधरी वर्कशॉप और 250 रुपए जनरल मोहयाल सभा को भेंट कर रही हूँ। ईश्वर उनकी आत्मा को शांति प्रदान करे।



*राजकुमार मैहता (पुत्र), यमुनानगर*
*मो. 9896304104*

## तेहसवीं बरसी पर श्रद्धांजलि

स्वर्गीय रायज़ादा अनन्त राम बाली की 23वीं बरसी दिनाँक 21.08. 2018 पर इनकी धर्मपत्नी श्रीमती शकुन्तला बाली (निवासी 43 प्रेम नगर अम्बाला शहर) ने उनकी स्मृति में 250 रुपए मोहयाल सभा अम्बाला शहर को भेंट किए। 250 रुपए जीएमएस स्वर्गीय रायज़ादा अनन्त राम बाली मैमोरियल विधवा फण्ड में भेंट किए। पूरा बाली परिवार भगवान से यही प्रार्थना करता है कि इनकी आत्मा को शांति दें। उनके द्वारा दिखाए गए कदमों पर परिवार चलता रहें। ओम शांति, शांति!



***पंकज बाली,** प्रधान मोहयाल यूथ विंग अम्बाला, मो. 08950516822*

## जय – पराजय

जीवन की तस्वीर समूची
जब हो आँखों के आगे,
एक पराजय से कोई,
मैदान छोड़ कर क्यों भागे...

सब कुछ पाने पर भी जिसने,
सोचा कुछ पाया नहीं,
समझो जीवन में था उसके,
कोई बड़ा अवरोध कहीं...

कई मोर्चो पर है,
संग्राम लड़ा जाता जीवन का,
कहीं पे हारा जाता है तो,
कहीं पे है जीता जाता...

कब हारे हम किस से हारे,
हम को पता नहीं होता,
दुश्मन सबसे बड़ा हमारे,
भीतर ही बैठा होता...

***पूरन चंद बाली 'नमन'***
*सी 1606, ओबेराय स्पलेण्डर,*
*जे.वी.एल. रोड, जोगेश्वरी (पू.) मुंबई 400060*
*मो. 9619569142*

## धन से

धन से पुस्तक मिलती है। किन्तु ज्ञान नहीं।
धन से आभूषण मिलता है। किन्तु रूप नहीं।
धन से सुख मिलता है। किन्तु आनन्द नहीं।
धन से साथी मिलते हैं। किन्तु सच्चे मित्र नहीं।
धन से भोजन मिलता है। किन्तु भूख नहीं।
धन से दवा मिलती है। किन्तु स्वास्थ्य नहीं।
धन से एकान्त मिलता है। किन्तु शान्ति नहीं।
धन से बिस्तर मिलते है। किन्तु नींद नहीं।

## एक चीज़

जीतने के लिए कोई चीज़ है तो ............... प्रेम
पीने के लिए कोई चीज़ है तो ............... क्रोध
खोने के लिए कोई चीज़ है तो ............... गम
देने के लिए कोई चीज़ है तो ............... दान
दिखाने के लिए कोई चीज़ है तो ............... दया
लेने के लिए कोई चीज़ है तो ............... ज्ञान
कहने के लिए कोई चीज़ है तो ............... सत्य
रखने के लिए कोई चीज़ है तो ............... इज्जत
फैंकने के लिए कोई चीज़ है तो ............... ईर्ष्या
छोड़ने के लिए कोई चीज़ है तो ............... मोह

*प्रस्तुति– **एम.एल. दत्ता,** एच.एफ.ओ. (रिटायर्ड) 12–अग्रवाल कॉम्पलैक्स, अंबाला कैंट–433005*


For courses in MERIT, visit: http://www.meritlogics.com

PDF compression, OCR, web optimization using a watermarked evaluation copy of CVISION PDFCompressor